कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांक : उ0वि0शि0प0/डी0एल0एड0–प्र0प0/विज्ञप्ति 04/९५-९९ /2023–24, दिनांक 25 मई 2023।

: द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2021–22 : विज्ञप्ति :

परिषद् द्वारा दिनांक 20 मई 2023 को आयोजित द्विवर्षीय डी0एल0एड0 (DElEd) प्रशिक्षण हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा 2021–22 के प्रश्नपत्र के चारों सेट की उत्तर कुंजी (Answer Key) जनहित में परिषद की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के **DEPARTMENTAL EXAM/UTET** कार्नर पर प्रसारित कर दी गयी हैं। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाइट से उत्तर कुंजी (Answer Key) डाउनलोड कर सकते हैं।

यदि किसी अभ्यर्थी/आवेदक को किसी प्रश्न/प्रश्नों के उत्तर पर कोई आपत्ति हो तो वे परिषद् द्वारा निर्धारित प्रपत्र (जो परिषद् की वेबसाइट **www.ubse.uk.gov.in** के DEPARTMENTAL EXAM/UTET कॉर्नर पर उपलब्ध है) पर **अपना प्रत्यावेदन/आपत्ति दिनांक ०१ जून 2023, सांय 05:00 बजे तक परिषद् की मेल deled2015@gmail.com पर पुष्ट प्रमाणों सहित परिषद् कार्यालय को प्राप्त करा सकते हैं।** एक प्रपत्र में केवल एक ही प्रश्न/उत्तर पर प्रत्यावेदन/आपत्ति अंकित करें, यदि एक से अधिक प्रश्नों/उत्तरों पर आपत्ति हो तो प्रत्येक के लिये अलग–अलग प्रपत्र पर प्रत्यावेदन/आपत्ति तैयार कर प्रस्तुत करें, अन्यथा प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने प्रत्यावेदन/आपत्ति की पुष्टि हेतु संदर्भ साहित्य की स्वप्रमाणित छाया प्रति अनिवार्यतः संलग्न करें। **प्रमाण/साक्ष्य रहित प्रत्यावेदन/आपत्ति, मेल के अतिरिक्त किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन/आपत्ति एवं अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले प्रत्यावेदन/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।**

25/5/2023

सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर, नैनीताल।